**2 0 2 3**

# HINDI

## ( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–5016

**( लोक-साहित्य-चिन्तन )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय के मतानुसार 'फोकलोर' के लिए किस शब्द का प्रयोग नितांत उपयुक्त एवं समीचीन है?

(ख) 'लोक-साहित्य की भूमिका' नामक ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

(ग) भारत में लोकगीतों का बीज किस प्राचीन ग्रंथ में पाया जाता है?

(घ) 'पंचतंत्र' के रचयिता कौन हैं?

(ङ) 'चैता' ऋतु-संबंधी गीतों को भोजपुरी में क्या कहते हैं?

(च) मानव-जीवन का अंतिम संस्कार क्या है?

(छ) 'साहित्य-दर्पण' नामक लोक-नाट्य संबंधी ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

(ज) उत्तर प्रदेश में 'नौटंकी' को क्या कहते हैं?

(झ) श्रावण शुक्ल पंचमी को क्या कहते हैं?

(ञ) 'अंकिया नाट' भारत के किस राज्य का लोक-नाट्य है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'लोक' शब्द की एक परिभाषा दीजिए।

(ख) रामलीला की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) लोक-साहित्य के संग्रहकर्ता द्वारा प्रयुक्त उपादानों में से किन्हीं दो बाह्य-साधनों के नाम लिखिए।

(घ) श्रम-संबंधी गीतों में से किन्हीं दो के नाम लिखिए।

(ङ) लोक-नाट्यों के भेदों का नामोल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) लोक-साहित्य के अध्ययन की किन्हीं पाँच समस्याओं का खुलासा कीजिए।

(ख) साहित्य और लोक का अंतर्संबंध पर प्रकाश डालिए।

(ग) जातिगीतों का परिचय दीजिए।

(घ) 'बारहमासा' का वर्ण्य-विषय क्या है?

(ङ) संस्कार-गीत की कोई पाँच विशेषताएँ बताइए।

(च) रासलीला के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।





**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) लोक-वार्ता की विषय-वस्तु और उसके क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लोक-संस्कृति की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए लोक-संस्कृति और साहित्य के अंतर्सम्बन्ध को रेखांकित कीजिए।

(ख) लोक-साहित्य के विभिन्न भेदों पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**अथवा**

लोक-गीतों के विविध प्रचलित वर्गीकरणों पर विचार करते हुए अपना आदर्श वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

(ग) लोक-नाटकों की विशेषताओं पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

**अथवा**

'हिन्दी नाटक एवं रंगमंच पर लोक-नाट्यों का प्रभाव' शीर्षक विषय पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(घ) भारत में लोक-साहित्य के अध्ययन के इतिहास का लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

लोक-कथा का परिचय देते हुए कथारूढ़ियों और अंधविश्वास पर चर्चा कीजिए।

★★★